सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{28 फाल्गुन, 1934 (श०)}}{\text{19 मार्च, 2013 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 130

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 43 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 39 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 06 |
| (4) परिवहन विभाग | .. | .. | 07 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 07 |
| (7) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 14 |
| (9) निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (10) खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 01 |
| (11) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. | .. | 02 |
| (12) पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| (13) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 02 |
| | कुल योग | .. | 130 |

### बस का परिचालन

*2776. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की राजधानी पटना से वैशाली एवं महनार के लिए सीधी सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं है जिससे पर्यटकों के साथ आम नागरिकों को असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 वर्ष पूर्व में इन स्थानों के लिए सरकारी बस सेवा उपलब्ध थी;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थानों के लिए सरकारी बस-सेवा की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### विद्यालय खोलना

*2777. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम हुडराहा में प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जबकि उक्त गांव की आबादी 500 से अधिक है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### उत्क्रमित करना

*2778. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत कुचायकोट प्रखंड के ग्राम पंचायत राज्य सन्हौली गोकुल के ग्राम खाल गांव, जिसकी आबादी लगभग 4000 से अधिक है में मात्र एक प्राथमिक विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांव में मध्य विद्यालय नहीं रहने के कारण गांव के अधिकांश बच्चे प्राथमिक शिक्षा के बाद स्कूल जाना छोड़ देते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव के प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### निर्माण कराना

*2779. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड की रामपट्टी पंचायत के रामपट्टी क्रीड़ा मैदान जिसका खाता नं० 155, खेसरा नं० 507, रकबा 4.88 (चार एकड़ अठासी) डिसमिल है तथा चहारदीवारी नहीं रहने से मैदान क्षतिग्रस्त हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्रीड़ा मैदान की सुरक्षा एवं खेल को प्रोत्साहित करने हेतु चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### निर्गत करना

*2780. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत पब्लिक उच्च विद्यालय, सूर्यगढ़ा, उच्च विद्यालय, मानीकपुर, श्री गोविन्द उच्च विद्यालय, रामपुर, उच्च विद्यालय रेउटा, को उपस्कर, पुस्तकालय, प्रयोगशाला तथा खेलकूद के आधारभूत संरचना हेतु उपलब्ध कराई गई राशि समय पर खर्च नहीं होने के कारण वापस कर ली गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के आधारभूत संरचना हेतु वापस ली गयी राशि निर्गत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*2781. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, 2010 के तहत 5 किलोमीटर की परिधि में उच्च विद्यालय एवं 8 किलोमीटर की परिधि में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने की योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2012-13 में 20550 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कस्वा प्रखंड के लखना पंचायत के 10 किलोमीटर के दायरे में कोई भी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2012-13 योजना के तहत कर्णांकित राशि से लखना पंचायत में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यवेक्षण गृह खोलना

*2782. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशोर न्याय अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अन्तर्गत राज्य में एक विशेष गृह तथा 10 पर्यवेक्षण गृह एवं दो बाल गृह तथा एक बालिका गृह संचालित किया जा रहा है जबकि पूर्वी चम्पारण जिला बड़ा है तथा बाल पर्यवेक्षण गृह से वंचित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिला में बाल पर्यवेक्षण गृह खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति-पत्र देना

*2783. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवनियुक्त 34,540 चयनित शिक्षकों में 12,000 उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक मात्र 4,000 उर्दू शिक्षकों को ही नियुक्ति-पत्र दिया गया और शेष को नियुक्ति पत्र इसलिए नहीं दिया गया क्योंकि उनके शिक्षण-प्रशिक्षण की डिग्री जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय नयी दिल्ली, उर्दू फारसी शोध संस्थान, पटना तथा उर्दू टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, अलीगढ़ एवं इसी तरह के अन्य संस्थानों की है, जिसकी मान्यता बिहार सरकार में पूर्व से है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे उर्दू शिक्षकों को कबतक नियुक्ति-पत्र देने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*2784. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के ग्राम भलुआही, अम्बा विगहा एवं बथानी प्रखंड में धरम विगहा (बथानी) कमालपुर-बेलदरिया, भूपेशनगर (मई) ज्ञान विगहा (मई) आदि गांवों में प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांवों की आबादी 500 से अधिक एवं अन्य विद्यालय की दूरी $1\frac{1}{2}$ कि०मी० से अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित गांवों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2785. श्री संतोष कुमार - क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखण्ड के उच्च विद्यालय कम्हरिया कनकलाल उच्च विद्यालय सैरा एवं वायसी प्रखण्ड के उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण पशुओं का जमावड़ा विद्यालय प्रांगन में हो जाता है जिससे पठन-पाठन बाधित होता रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापना करना

*2786. श्रीमती पूनम देवी यादव - क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश में स्वतंत्र रूप से सरकारी आर्किटेक्चर कॉलेज नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के छात्रों को आर्किटेक्चर शिक्षा हेतु राज्य से बाहर जाना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश में स्वतंत्र रूप से आर्किटेक्चर कॉलेज की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2787. श्री जनार्दन मांझी - क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखण्ड के गोरगामा प्राथमिक विद्यालय का भवन 1995 के बाढ़ में ध्वस्त हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरित करना

*2788. श्री विनोद कुमार सिंह - क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड अन्तर्गत आजमनगर केशरी चौक से आर०के० उच्च विद्यालय आजमनगर के बीच में एक देशी-विदेशी शराब की दुकान है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के सर्कुलर के अनुसार शैक्षणिक संस्थान के निकट शराब की दुकान नहीं रहनी चाहिए;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शराब की दुकान को स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों

---

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2789. श्री अरुण शंकर प्रसाद - क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड के पड़वा बेलही पंचायत के वार्ड नं० 15 नवटोली गाँव की आबादी 700 है एवं उक्त गाँव के 2 कि०मी० की परिधि में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिससे वहाँ के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

पदस्थापन करना

*2790. श्री अमन कुमार - क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अन्तर्गत महाविद्यालयों में स्वीकृत 29 पुस्तकालयाध्यक्ष पदों के विरुद्ध 25 पद विगत पाँच साल से रिक्त है जिससे विद्यार्थियों को पठन-पाठन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर पुस्तकालयाध्यक्षों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बंद करना

*2791. श्री अख्तरुल ईमान- क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद् के पत्रांक सी०डी०सी० 25/11, दिनांक 16 अक्तूबर, 2012 द्वारा जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण को निर्देशित किया गया है कि मोहल्ला मिस्कौट, वार्ड नं० 8 अंचल मोतिहारी जिला पूर्वी चम्पारण में अवस्थित '' सूर्य बाला सदन'' नामक विवाह भवन को बंद किया जाय। किन्तु अबतक यह विवाह भवन बंद नहीं किया गया है जिस कारण मोहल्लावासी ध्वनि प्रदूषण की समस्या झेलने पर विवश हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विवाह भवन को बंद कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*2792. श्री कृष्णनन्दन यादव क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के बी०ए० एवं बी०एस०सी० प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रोन्नति करके देहाती क्षेत्रों के विद्यालयों में पदस्थापित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि देहाती क्षेत्र के पदस्थापित शिक्षकों अवध किशोर मिश्र, चन्द्रभूषण शर्मा, गोविन्द प्रसाद, रीता कुमारी आदि को देहाती क्षेत्र के विद्यालय से स्थानान्तरण कर बिना रिक्त पद में ही शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में पदस्थापित कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त शिक्षकों को स्थानान्तरण कर देने से देहाती क्षेत्र में बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने में असुविधा हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार देहाती क्षेत्र के विद्यालय में उक्त शिक्षकों को पूर्व के विद्यालयों में पदस्थापित कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2793. श्री अवनीश कुमार सिंह-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है केन्द्र सरकार द्वारा आई०आर०डी० एफ० 17 योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण के लिए 218.17 करोड़ रुपये वर्ष 2010 11 में राज्य सरकार को प्राप्त हुए थे;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों का बिना निर्माण किये उक्त 218.17 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को नवम्बर, 2012 में वापस कर दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन उपलब्ध नहीं कराने वाले दोषियों पर कार्रवाई करने तथा पुनः उक्त राशि को वापस उपलब्ध करवाने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2794. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के ढेंगो मध्य विद्यालय उत्क्रमित होने की पात्रता रखता है एवं उसके 5 कि०मी० की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिससे उक्त विद्यालय के छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2795. श्री अशोक कुमार सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के ग्राम पंचायत कचौड़ी की आबादी लगभग पन्द्रह हजार से अधिक है तथा उक्त पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण कचौड़ी पंचायत के बच्चों को लगभग 15 कि०मी० की दूरी तय कर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है जिससे छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, कचौड़ी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2796. श्री ललन राम-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा में उ०म०वि०, डुमरैया का भवन निर्माण मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जाँच कराकर उक्त कार्य करने वाले दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*2797. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखंड के राजस्व गाँव तिनेरी में आजादी से अभीतक प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण उक्त गाँव के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्त करना

*2798. श्री सुरेश चंचल-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघरा प्रखंडान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या 27 में सेविका एवं सहायिका का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पद पर अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों का चयन न करके सामान्य जाति के अभ्यर्थी का चयन कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र में आरक्षित सेविका एवं सहायिका के पदों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दंडित करना

*2799. श्री राजेश सिंह : हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 17 जनवरी, 2013 को प्रकाशित ''समाज कल्याण विभाग जाँच में चुस्त कार्रवाई में सुस्त'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि समाज कल्याण विभाग ने केन्द्रों की गड़बड़ी पर नकेल कसने के लिए औचक निरीक्षक ऑन द स्पॉट कार्रवाई (वारफूट) जाँच समेत अन्य तरह की नियमित जाँच होती है, लेकिन जब कार्रवाई की बारी आती है, तो प्रक्रिया सुस्त पड़ जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समाज कल्याण विभाग की सितम्बर, 2010 से दिसम्बर, 2012 तक 40 मामले लंबित पड़े हैं, एवं वर्ष 2011 से 2012 तक 222 मामले की कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लंबित मामलों पर कार्रवाई कर दोषियों को दंडित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2800. श्री जवाहर प्रसाद : क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम स्थित चंदन शहीद पहाड़ी पर सम्राट अशोक का शिलालेख है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्राट अशोक का शिलालेख भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार 1933 में शिलालेख पूर्ण स्थिति में था ;

(3) क्या यह बात सही है कि अशोक शिलालेख को क्षतिग्रस्त कर वहाँपर अवैध निर्माण किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिलालेख को क्षति पहुँचाने वालों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2801. श्री रामदेव महतो : क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड अंतर्गत मलंगीया मिडिल स्कूल में पन्द्रह सौ छात्र छात्राएँ पढ़ते हैं एवं तीन एकड़ जमीन भी उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के पाँच किलो मीटर के अंदर कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*2802. श्रीमती उषा सिन्हा : क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के थरथरी प्रखण्डान्तर्गत उच्च विद्यालय, कचहरिया में 250 छात्र छात्राएँ नामांकित हैं, किन्तु प्रभारी प्रधानाध्यापक के अलावा मात्र दो ही शिक्षक हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वि० में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कुपोषण दूर करना

*2803. श्री मंजीत कुमार सिंह- दैनिक समाचार-पत्रों में दिनांक 8 दिसम्बर, 2012 को छपे खबर ''जिले का हर चौथा बच्चा कुपोषण का शिकार'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों की संख्या 5.35 लाख है, इसमें से कुपोषित बच्चों की संख्या 1.49 लाख है तथा 26 हजार बच्चे अभी भी कुपोषण से पूरी तरह प्रभावित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिये 2152 आँगनबाड़ी केन्द्र, 217 मिनी आँगनबाड़ी एवं 95 अतिरिक्त आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कुपोषण को दूर करने के लिये सरकार कौन सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---------

डिग्री कॉलेज खोलना

*2804. श्री रामानंद राम- क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी अनुमंडल में चार प्रखंड है, किन्तु किसी भी प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चारों प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*2805. श्री अभिराम शर्मा- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत रतनी प्रखण्ड के रामानुजाचार्य प्रवेशिका उच्च वि०, नोआवा में एक प्रधानाध्यापक व दस सहायक शिक्षक का पद सृजित है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 3 वर्ष से उक्त विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक व तीन शिक्षक कार्यरत हैं एवं वर्तमान में तीन सौ छात्र अध्ययनरत हैं, शिक्षकों के अभाव में विद्यालय का पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वि० में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पिंक बस चलाना

*2806. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द- दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 2 जनवरी, 2013 के अंक में छपी खबर ''सिर्फ 400 रुपये के लिए बंद हो गई पिंक बसें'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना में 15 मई, 2011 को सात रूटों पर महिलाओं के लिए पिंक बसों को चलाने की शुरुआत की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि परिवहन विभाग द्वारा बसों के टाइमिंग के बारे में नागरिकों को पूरी जानकारी नहीं देने एवं महिलाओं के लिए अलग स्टॉपेज नहीं होने के कारण उपरोक्त बसों में महिलाओं का प्रवेश कम हुआ, जिसके कारण बसों का परिचालन घाटे में चला गया;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त बसों को चलाने हेतु 400 रु० प्रति बस सब्सिडी की आवश्यकता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महिलाओं की सुरक्षा हेतु राजधानी सहित पूरे राज्य के शहरों में पिंक बसें चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्ति करना

*2807. श्री सोम प्रकाश सिंह- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में राष्ट्र सेवा योजना के समन्वयक की नियुक्ति खुले विज्ञापन से की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्यक्रम समन्वयक के पद पर बिना विज्ञापन के प्रतिनियुक्ति की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिना विज्ञापन निकाले की गई प्रतिनियुक्ति रद्द करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*2808. श्री रामायण मांझी – क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार के 38 जिलों का निरीक्षण रिपोर्ट 2012 में जिला शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग को सौंपा गया है, जिसमें 35 प्रतिशत शिक्षक गैर हाजिर पाये गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि 38 जिलों में 1357 प्राथमिक विद्यालय हैं, जिसमें 433 ऐसे विद्यालय हैं, जहाँ शिक्षक जरूरत से अधिक हैं, शेष विद्यालय में शिक्षक के अभाव में बच्चों को शिक्षा प्राप्त हेतु कठिनाई का सामना वर्ष 2001 से आजतक करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिक्षकों की उपस्थिति विद्यालयों में 100 प्रतिशत करना चाहती है तथा विद्यालयों में जरूरत से अधिक शिक्षकों को शिक्षक से वंचित विद्यालयों में पदस्थापित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2809. श्री चितरंजन कुमार – क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के कोरियम उच्च विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने के कारण वहाँ खाली पड़े जमीन का अतिक्रमण हो रहा है जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को खेलने-कूदने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चँहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मूल प्रमाण-पत्र देना

*2810. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम – क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि एल०एन०डी० गर्ल्स उच्च विद्यालय, बौंसी, जिला बाँका के 73 छात्राओं को सी०एन०डी० उच्च विद्यालय, बौंसी से मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित 1993 में हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्तीर्ण इन छात्राओं को अबतक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से मूल प्रमाण पत्र दिया ही नहीं गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रीति कुमारी रौल नं० 640, रौल कोड 3311 ने दो वर्ष पूर्व बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में मूल प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन-पत्र देने पर भी अबतक मूल प्रमाण-पत्र नहीं दिया गया है;

(4) क्या यह बात सही है कि प्रीति कुमारी से परीक्षा समिति द्वारा दुपतिया की माँग की जा रही है जबकि सी०एन०डी० उच्च विद्यालय, बौंसी में 1993 का दुपतिया ही नहीं है;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रीति कुमारी तथा अन्य छात्राओं को मूल प्रमाण-पत्र देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2811. श्री अवधेश कुमार राय – क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अंतर्गत भीखमचक पंचायत के प्रा०वि०, निरसू पासवान टोल के भवन निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2008 में हुई जिसके निर्माण हेतु निरसू पासवान टोल सामुदायिक भवन के बगल में जमीन निर्बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के निदेशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक अपने पत्रांक 1371, दिनांक 2 जून, 2008 द्वारा दलित बस्ती निरसू पासवान टोल में ही भवन निर्माण का स्पष्ट आदेश दिया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*2812. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह– क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया स्थित प्रसिद्ध कर्मवीर गाँधी पुस्तकालय जिसकी स्थापना 1917 में हुई थी, की स्थिति काफी जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुस्तकालय का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2813. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड मोहनपुर के ग्राम पंचायत, केवला में मध्य विद्यालय, जेतुआ डाहा है और विद्यालय के पास तीन एकड़ भूमि भी उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, जेतुआ डाहा से उच्च विद्यालय, अमकोला की दूरी 11 कि०मी० एवं उच्च विद्यालय, मोहनपुर की दूरी लगभग 14 कि०मी० है, जिसके कारण इस अतिपिछड़ा इलाके के छात्र और खासकर लड़कियाँ उच्च शिक्षा से वंचित रह जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, जेतुआ डाहा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2814. डॉ० जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के सभी 185 पंचायतों में दिनांक 8 दिसम्बर, 2011 एवं 9 दिसम्बर, 2011 को वरीय प्रेरक के द्वारा बी०टी० प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता, बाँका कार्यालय के पत्रांक 361, 5 दिसम्बर, 2011 के द्वारा प्रशिक्षण व्यवस्था के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों को भोजन एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था हेतु अधिकृत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रेरक को अधिकृत के बावजूद भी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता, बाँका के द्वारा गैर अधिकृत कैटरर को कैटरिंग का कार्य दिया गया और लगभग 25 लाख रु० की निकासी फर्जी तरीके से माह दिसम्बर, 2011 में की गई है और प्रेरक द्वारा प्रस्तुत विपत्र लंबित कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गैर अनधिकृत कैटरर के विपत्र के विरुद्ध अवैध निकासी की जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कला मंच बनाना

*2815. श्री मनोहर प्रसाद सिंह– क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मसाही प्रखण्डान्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मोहनपुर में कला मंच नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार वहाँ कला मंच बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी बनाना

*2816. श्री रमेश ऋषिदेव क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के महिला प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, मोकामा के प्राचार्य ने वरिष्ठतम व्याख्याता के रहते हुए कनीय व्याख्याता को उक्त विद्यालय का प्रभारी बनाकर लम्बा अवकाश पर चले गये हैं, यदि हां; तो क्या सरकार वरिष्ठतम व्याख्याता को प्रभारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2817. श्री अमरनाथ गामी क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखंड हायाघाट एवं बहेड़ी प्रखंड के चकना हाई स्कूल, उजैन हाई स्कूल, निमैठी हाई स्कूल, खरारी हाई स्कूलों में चहारदीवारी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त हाई स्कूलों में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2818. श्री शिवेश कुमार क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड के दुलारपुर, उच्च विद्यालय का लगभग 8 बीघा जमीन रोड के किनारे विगत कई वर्षों से अनुपयोगी पड़ा हुआ है जो विद्यालय प्रांगण से अलग है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन पर क्रीड़ा स्थल का निर्माण करते हुए चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2819. श्री रामसेवक सिंह क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड हथुआ के अन्तर्गत राजेन्द्र उच्च विद्यालय सह इन्टर महाविद्यालय, हथुआ बहुत ही पुराना विद्यालय है, किन्तु चहारदीवारी के अभाव में छात्र छात्राओं को परेशानी होती है तथा आवारा पशु, खेल के मैदान एवं क्लास रूम के पास आ जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2820. श्री सुरेश कुमार शर्मा क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर में महिला शिल्प कला बालिका उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय की खास जमीन को असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है तथा विद्यालय का उपस्कर एवं उपकरण भी सुरक्षित नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराकर वहाँ चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास खोलना

*2821. श्री मनोहर प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में अनुसूचित जाति छात्रों के लिए कोई भी छात्रावास नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुसूचित जाति जनजाति बाहुल्य क्षेत्र भागलपुर, बाँका, पूर्णियां, कटिहार, सीवान, पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण, भभुआ में छात्रावास खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2822. श्री अशोक कुमार सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के प्रभारी जिला पदा० द्वारा मनमाने तरीके से राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, मदनपुर का वित्तीय प्रभार मध्य विद्यालय, मदनपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक को दे दिया गया, जबकि कन्या मध्य विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापिका कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय मदनपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ वित्तीय अनियमितता के चलते विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गलत तरीके से प्रभार देने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

संचालित करना

*2823. श्री राजेश्वर राज-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखंडान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र, सोनी (कोड सं० 29) के लिए वर्ष 2010 में चयनित सेविका को केन्द्र की संचालन की जिम्मेवारी आजतक नहीं दिये जाने से सरकार के आई०सी०डी०एस० योजना से केन्द्रान्तर्गत गर्भवती महिलायें, बच्चे, किशोरी आदि दो वर्षों से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र को चयनित सेविका से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2824. श्री रणविजय कुमार-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 15 एवं 30 जनवरी, 2013 तक सभी विद्यालयों में साइकिल/पोशाक एवं छात्रवृत्ति हेतु नगद राशि वितरित करना था;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदा० द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2013 को समीक्षा के क्रम में पाया गया कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड की स्थिति दयनीय है एवं बार-बार निर्देशित किये जाने पर भी लक्ष्य प्राप्ति नहीं हो सका;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के निर्देशानुसार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, गोह के निलंबन हेतु प्रपत्र ''क'' गठित कर दिनांक 30 जनवरी, 2013 को विभाग भेजा गया है, पर कार्रवाई नहीं हो सका है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रदूषण रोकना

*2825. श्री मंजीत कुमार सिंह-- दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को छपे खबर ''गंदगियों से नदी के अस्तित्व पर संकट'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में दाहा, सोना, गंडक,खनुआ, घोघारी, झरही जैसे करीब एक दर्जन नदियाँ बहती है, जिसमें चीनी मिलों द्वारा वेस्टेज गिराये जाने एवं जलकुम्भी तथा शैवान के कारण गंदगी फैल रही है, जिससे नदी के अस्तित्व का खतरा उत्पन्न हो गया है तथा नदियों के संरक्षण तथा उसमें फैल रहे प्रदूषण को रोकने के लिये सरकारी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो गंदगी से नदियों को बचाने हेतु सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाये जाने का क्या औचित्य है ?

निर्माण करना

*2826 . श्री अवधेष कुमार राय-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड के अहियापुर, रानी, दामोदरपुर, दहिया, नौला, चमथा एवं दशरथपुर उच्च विद्यालयों के निर्माण की राशि अप्राप्त रहने एवं मटिहानी प्रखंड के अन्तर्गत सफापुर, महेन्द्रपुर, नया गाँव, बहलपुर उच्च विद्यालय की स्वीकृत राशि वापस होने के कारण विद्यालये भवन का निर्माण नहीं हो सका है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2827. श्री परमानन्द ऋषिदेव-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समेकित बाल विकास परियोजना अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा समितियों के गठन हेतु मार्ग दर्शिका 18 जनवरी, 2012 के अनुपालन में अररिया जिला के भरगामा, नरपतगंज, सिकटी, पलासी, कुर्साकाँटा एवं अररिया प्रखंड में अनुश्रवण एवं समीक्षा समितियों के गठन के उपरान्त अभीतक प्रत्येक प्रखंड में तीन-तीन बैठक हो जानी चाहिए थी किन्तु एक भी बैठक का आयोजन संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने नहीं कराया है, यदि हाँ, तो इस चुक के लिए दोषी पदाधिकारी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करेगी ?

------------

निर्माण करना

*2828. श्री चितरंजन कुमार- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के सोहसा उच्च विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं का प्रवेश विद्यालय परिसर में हो जाता है जिससे पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न होता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2829. श्री ललन कुमर-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, प्राणपुर अंचल, अमदाबाद के प्रभारी, प्रधानाध्यापक द्वारा वित्तीय वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में मुख्य मंत्री पोशाक योजना की राशि का उठाव कर लिया गया परन्तु आधे से अधिक बच्चों को पोशाक का लाभ नहीं मिला;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 में 5000.00 रु० की थाली खरीद एवं अंके 25,000.00 रु० खेल सामग्री व फर्जी बिल देकर डी०सी० बिल पास कराकर निकासी कर ली गयी परन्तु विद्यालय में खेल सामग्री की आपूर्ति नहीं की गयी तथा विद्यालय प्रांगण में वर्ष 2009 में चौदह नीम का पेड़ काटकर बेच दिया गया, इन सभी अनियमितताओं की शिकायत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक वर्ष पूर्व जिलाधिकारी, कटिहार से की गयी परन्तु आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रधानाध्यापक द्वारा की गयी अनियमितताओं की जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वितरण करना

*2830. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सदर के समेकित बाल विकास परियोजना के तहत वार्ड नं० 39 के आँगनबाड़ी केन्द्र, नटराजगली कोड 146, मस्जिद के पास इमामबाड़ा कोड 147, गोला रोड कोड 148, बाकरगंज मोहर्रमपुर कोड 149, जामुन गली कॉफी हाउस कोड 150, दरभंगा हाउस झुग्गी झोपड़ी कोड 151, भँवर पोखर बगीचा कोड 153 तथा नथुनीसाव बगीचा कोड 154 में 8 महीने से पोषाहार का वितरण नहीं हो रहा है तथा वार्ड नं० 39 के आँगनबाड़ी केन्द्र कोड 151 भँवर पोखर मुशहरी तथा कोड सं० 171 विगत आठ महीने से बन्द है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उर्युक्त केन्द्रों में पोषाहार वितरण की व्यवस्था करने तथा बन्द केन्द्रों को संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2831. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय, केशावे में 1 अक्टूबर, 2010 से 16 जनवरी, 2011, 23 जनवरी, 2011 से 9 जून, 2011, 15 अगस्त, 2012 से 30 अगस्त, 2012 एवं 7 नवम्बर, 2012 से 13 दिसम्बर, 2012 तक प्रधानाध्यापक एवं पदाधिकारी की उदासीनता के कारण मध्याह्न भोजन बंद था ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2832. श्री अनिल सिंह—मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के पकरीबरावाँ प्रखंड के ग्राम केशौरी, कुल्हेता, लीलो, डुमरी, अंजुनार एवं एसरी में मध्य विद्यालय संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी ग्रामों के बच्चे–बच्चियों को छः कि०मी० से अधिक दूरी तय कर माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने हेतु जाना पड़ता है जिसके कारण बच्चियों की पढाई प्रभावित होती है एवं सभी विद्यालयों में जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित करना चाहती है, नही, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*2833. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रखंड किशनपुर के ग्राम–भेलवा, अभुआड और कटहारा के मध्य विद्यालय का भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2010 ई० से अधूरा है ,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के भवन निर्माण के कार्य के लिए राशि का उठाव हो चुका है, उठाव होने के बावजूद भी कार्य अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2834. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय मोतिहारी के अम्बिका नगर के पिछड़ा वर्ग छात्रावास का निर्माण वर्ष 2007–08 में भवन निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछडा छात्रावास अबतक पूर्ण नहीं होने और विभाग को सुपुर्द नहीं होने से छात्र वहां नहीं रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पिछड़ा वर्ग छात्रावास का निर्माण पूर्ण कराकर छात्रों को रखने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*2835. श्री अम्बिका सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत नुआँव प्रखंड मे पडियारी डेरा गाँव मे प्राथमिक विद्यालय नही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव मे प्राथमिक विद्यालय नहीं होने से वहां के बच्चे को पाँच कि० मी० दूर जाना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्रा० वि० खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2836. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के अन्तर्गत हथुआ विधान–सभा क्षेत्र के प्रखंड उचकागाँव में साथी, वलेसरा, वलीभद्रपट्टी, राजापुर के प्रा० एवं मध्य विद्यालयों का भवन निर्माण का कार्य अधूरा है, जिससे छात्रों को पठन–पाठन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन निर्माण पूरा कराने तथा निर्माण कार्य पूर्ण नही कराने वाले दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*2837. श्री आफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, 2010 के तहत प्रत्येक 5 किलो मीटर के दायरे में उच्च विद्यालय एवं 8 किलो मीटर के दायरे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलने की सरकार की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कस्वा प्रखंड के मलहरिया पंचायत में 6 किलो मीटर के दायरे में कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित सरकारी योजना के तहत मलहरिया में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चुनाव कराना

*2838. श्री सोम प्रकाश सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मगध विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के कोटे से सिनेट सदस्यों का चुनाव प्रावधान के बावजूद विगत 10 वर्षों से नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार चुनाव कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2839. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिन्द प्रखंड मुख्यालय में कस्तुरबा आवासीय बालिका विद्यालय भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2012 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन निर्माण के पश्चात् भवन का फर्श एवं ढलाई टूट रहा है, जिससे छात्र–छात्राओं को शिक्षा अध्ययन करने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विषय की जाँच कराते हुए संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2840. श्री संतोष कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के बायसी प्रखंड अंतर्गत उच्च वि0, बायसी के भवन निर्माण का कार्य एन0बी0सी0पी0 योजना से करायी गयी है, परन्तु निर्माण कार्य पूर्ण होने के तीन माह के अंदर ही भवन क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त घटिया निर्माण के लिए दोषी संवेदक एवं अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण मुक्त कराना

*2841. श्री सतीश कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत ठाकुर रामशरण सिंह उच्च विद्यालय, जुड़ावनपुर करारी का लगभग 10 एकड़ जमीन बख्तियापुर प्रखंड (पटना) के काला दियारा सीमा पर अवस्थित है ,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय की काला दियारा सीमा पर अवस्थित जमीन का अतिक्रमण स्थानीय लोगों द्वारा कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की जमीन का नापी कराकर उसे अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2842. श्री परमानंद ऋषिदेव—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा बाल विकास परियोजना अंतर्गत मार्गदर्शिका 2010 के आलोक में 36 रिक्त आँगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविका/सहायिका के चयन हेतु अगस्त, 2010 में विज्ञापन निकाल कर चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी तथा मेधा सूची का प्रकाशन भी हो गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 36 केन्द्रों में होने वाली सेविका के चयन में से मात्र 11 केन्द्रों पर सेविका का चयन हुआ ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त 11 चयनित सेविकाओं के चयन के क्रम में मार्गदर्शिका के कंडिका 6के 6.8 के अनुसार लाभुक की सभा में कोरम पूरा नहीं किया गया जो नियम का विचलन है और इसके लिए अनुशासनिक कार्रवाई करने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मार्गदर्शिका 2010 के कंडिका 6 के 6.8 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले पदाधिकारी पर सरकार कौन–सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

*2843. श्री सोने लाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 2011 की जनगणना में बांका जिला में अनुसूचित जन–जाति की जनसंख्या लगभग एक लाख

है और अनुसूचित जन–जाति के लड़के/लड़कियों को पढ़ने के लिए एक भी आवासीय विद्यालय नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार बांका जिला में एक अनुसूचित जन–जाति आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

भुगतान करना

* 2844. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्री हरिशचन्द्र सिंह, पिता श्री वृजनंदन सिंह, ग्राम–अथरी, थाना–रून्नीसैदपुर, जिला–सीतामढ़ी को 31 मार्च, 1998 को बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, मुजफ्फरपुर से अवकाश प्राप्त है, किन्तु आजतक पेंशन, मेडिकल सहित अन्य मदों का बकाया बाकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मदों को बकाया राशि के भुगतान हेतु वर्ष 2010 एवं 26 जून, 2012 को मुख्य लेखा पदाधिकारी, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, पटना को पत्र लिखा गया फिर भी आजतक बकाया का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बकाया की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

———

पूर्ण करना

* 2845. श्री जय कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनारा (रोहतास) विधान–सभा के अंतर्गत दावथ प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2012–13 के स्वीकृत योजना में 6 प्राथमिक विद्यालय राश्रीडीह, काम धेनवां, मुसरी टोला बभनी, परमेश्वरपुर, मुरत टोना, बोध चातर में प्रति विद्यालय 11 लाख 75 हजार रुपये कर्णांकित् है किन्तु भवन का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

निर्माण करना

* 2846. श्री अभिराम शर्मा—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के प्राथमिक विद्यालय, भागीरथ बिगहा, गोरक्षीणी, कुतवनचक, उर्दू क0वि0 वार्ड 3 कन्या विद्यालय, प्यारी मुहल्ला, गडेरिया खंड, विशुनगंज एवं नवसृजित प्रा0वि0, पुलिस लाइन, चिरैयाटांड, महवदा, शकरगंज, पंडुई मठिया, कामदेव बिगहा भवनविहिन विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के भवनविहिन होने के कारण छोटे–छोटे बच्चों का खुले आसमान में पढ़ना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

———

कार्रवाई करना

* 2847. श्रीमती भागीरथी देवी—दिनांक 31 अक्तूबर,2012 को दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित शीर्षक "विवाद के जाल में गौनहा आईसीडीएस" के संबंध में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के गौनहा प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा बरती जा रही अनियमितता की जाँच हेतु स्थानीय आँगनबाड़ी केन्द्रों के 64 सेविका/सहायिका के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन समाज कल्याण विभाग, पटना में दिनांक 3 सितम्बर, 2012 को समर्पित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या ने भी वर्णित तथ्यों के बारे में दिसम्बर, 2012 में विभाग एवं जिलाधिकारी, प0 चम्पारण को पत्र लिखा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाल विकास परियोजना कार्यालय, गौनहा द्वारा बरती जा रही अनियमितता की जाँच कराने एवं इसके लिए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

* 2848. श्री अरुण शंकर प्रसाद---क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में कुल 140 उच्च विद्यालय अवस्थित हैं, जिसमें 91000 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि 91000 छात्रों के लिए मात्र 837 शिक्षक कार्यरत हैं, जिसका औसत एक शिक्षक पर 110 छात्रों का होता है, जबकि राष्ट्रीय सर्व-शिक्षा अभियान के मानक के अन्तर्गत अधिकतम 40 छात्रों पर एक शिक्षक की आवश्यकता है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक राष्ट्रीय औसत के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

* 2849. श्री रत्नेश सादा---क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा से सुपौल, पूर्णियाँ, कटिहार एवं किशनगंज तक की यात्रा करने हेतु सहरसा से कोई भी सरकारी बस विगत पाँच वर्षों से नहीं चलती है, जिसके कारण कोशी क्षेत्र के लोगों को प्राइवेट बसों के मनमाना भाड़ा देकर यात्रा करना पड़ता है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सहरसा से किशनगंज, सुपौल से पूर्णियाँ तथा कटिहार से सहरसा तक सरकारी बस का परिचालन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

* 2850. श्री सतीश कुमार---क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत उच्च विद्यालय, रामपुर, ठाकुर रामशरण सिंह उ0वि0, जुड़ावनपुर करारी, कम्बल सिंह, सम्भल सिंह उ0वि0, राघोपुर एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, पहाड़पुर में प्लस टू की पढ़ाई शुरू करने का विभागीय आदेश वर्ष 2008 में निर्गत हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में वर्ग कक्ष एवं शिक्षकों की कमी के कारण अभीतक प्लस टू की पढ़ाई शुरू नहीं हो पायी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में वर्ग कक्ष एवं शिक्षकों की व्यवस्था कर शीघ्र प्लस टू की पढ़ाई शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण पूर्ण करना

* 2851. श्री जितेन्द्र कुमार---क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय, मोहम्मदपुर एवं उच्च विद्यालय माफो को +2 का दर्जा वर्ष 2009 में दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त +2 विद्यालयों में भवन का निर्माण कार्य उक्त अवधि में प्रारम्भ की गई है, लेकिन उक्त दोनों +2 विद्यालयों का भवन आजतक अधूरा है तथा आवंटित शेष राशि को सरकारी खजाने में वर्ष 2011 में जमा कर दिया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं को शिक्षाध्ययन में असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के अधूरे भवनों के निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

* 2852. श्रीमती रंजू गीता––क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी प्रखंड के मध्य वि0, मधुबन, नानपुर प्रखंड के मध्य वि0 साहु टोन एवं बोखड़ा प्रखण्ड के मध्य वि0, बुधनगरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों में छात्रों की संख्या में शिक्षकों का अनुपात काफी कम है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी, नानपुर एवं बोखड़ा प्रखण्डों में स्थित मध्य विद्यालयों एवं प्राथमिक वि0 में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों को कबतक पदस्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

* 2853. श्री राजेश्वर राज––क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत बिक्रमगंज प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की पदस्थापना वर्ष सितम्बर 2012 से नहीं होने से प्रखंडान्तर्गत गर्भवती महिलाओं, बच्चे, किशोरियों आदि को सरकार द्वारा चलायी जा रही आई0सी0डी0एस0 योजना से वंचित रहना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ड्रॉप आउट रेट कम करना

* 2854. श्री अरूण कुमार सिंहा––स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "शिक्षितों के मानचित्र से गायब हैं दलित बच्चे" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि 10.38 करोड़ आबादी वाले बिहार में निरक्षरों की संख्या 36.18 प्रतिशत है इसमें 46.67 प्रतिशत महिलायें और 26.61 प्रतिशत पुरुष निरक्षर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में अनुसूचित जाति बच्चों का ड्रॉप–आउट रेट वर्ग एक से पाँच तक 50 प्रतिशत और बारहवी तक यह रेट 90 प्रतिशत तक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुसूचित जाति के बच्चों को ड्रॉप–आउट रेट कम करने के लिए कौन–सी कदम उठाने का विचार रखती है ?

---

उत्क्रमित करना

* 2855. श्री कन्हैया कुमार––क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के गढ़पुरा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत दुनही मध्य विद्यालय के 04 कि0मी0 की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय में 23 कमरा बना हुआ है एवं 1000 छात्र नामांकित हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

* 2856. श्री महेन्द्र बैठा––क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर प्रखंड में सी0डी0पी0ओ0 का पद एक वर्ष से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में सी0डी0पी0ओ0 का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पूर्ण करना

*2857. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 के स्वीकृत योजना में रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड के चार नव प्रोन्नत विद्यालय, वरूना, किशनपुरा, पंतपुरा, डिलिया एवं तीन प्राथमिक विद्यालय, मदही, कुम्हौरा, हरिवंशपुर को भवन निर्माण के लिए प्रति विद्यालय 11लाख 75 हजार रुपये की राशि निर्गत की गयी है किन्तु भवन का निर्माण अधूरा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*2858. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला में बाल विकास परियोजना, नरहट के अन्तर्गत 86 आँगनबाड़ी केन्द्र तथा बाल विकास परियोजना, हिसुआ के अन्तर्गत 105 आँगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों परियोजनाओं में क्रमशः नरहट में 86 के विरुद्ध 45 और हिसुआ में 105 के विरुद्ध 60 आँगनबाड़ी केन्द्र वास्तविक रूप से संचालित हो रहे हैं जबकि दोनों बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के मिलीभगत से सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों को चालू दिखाकर राशि की निकासी की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त दोनों बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2859. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के रामनगर प्रखंडान्तर्गत 26 भवनहीन विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में इन विद्यालयों का अपना भवन नहीं रहने के कारण छात्र सामुदायिक भवन, झोपड़ी एवं खुले आकाश के नीचे पढ़ने को विवश हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के सभी भवनहीन विद्यालयों का भवन बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*2860. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखंड में रंगलाल उच्च विद्यालय, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, आमस प्रखंड में उच्च विद्यालय, आमस, अनुग्रह नारायण सहदेव उच्च विद्यालय, सुग्गी, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, आमस एवं डोभी प्रखंड में उच्च विद्यालय, अमारूत को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों के पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*2861. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव विधान-सभा अन्तर्गत विभिन्न उच्च विद्यालयों को इन्टर-स्तरीय विद्यालयों में उत्क्रमित किया गया है, जैसे दुलारपुर, सेमरांव, बरनी, मलॉर, धवडीहा पवना, अगिआंव सहित अन्य विद्यालयों में पढ़ाई नहीं शुरू की गई है तथा विषयवार शिक्षक भी नहीं हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस विद्यालय में पढ़ाई प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*2862. श्री दिनेश कुमार सिंह-क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पिरो प्रखंडान्तर्गत +2 प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय, छितौरा तथा जगदीशपुर प्रखंडान्तर्गत +2 बिमवा बुनियादी विद्यालय का भवन जर्जर होने के साथ ही चहारदीवारी, शौचालय, बेंच आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिससे छात्रों के पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्यालयों का जर्जर भवन, चहारदीवारी सहित अन्य बुनियादी सुविधा का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वापस लेना

*2863. श्री सुरेश चंचल--दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक''गुपचुप बढ़ा दिये गये सर्किल रेट'' के आलोक में क्या मंत्री, निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 12 फरवरी, 2013 को हुए विभागीय बैठक में लिये गये मौखिक निर्णय का हवाला देते हुए पटना सहित राज्य के कई जिलों में निबंधन हेतु उपस्थित होने वाले दस्तावेजों में शहरी एवं देहाती क्षेत्रों के वर्तमान सर्किल रेट (एम०भी०आर) में 15 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिना अधिसूचना निर्गत हुए जमीन का न्यूनतम एम०भी०आर० बढ़ाये जाने से जगह-जगह आन्दोलन शुरू हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2012-13 की शेष अवधि में मौखिक आदेश पर बढ़ाये गये सर्किल रेट (एम०भी०आर) को वापस लेने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कॉलेज खोलना

*2864. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (उ० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल की आबादी लगभग 12 लाख है;

(2) क्या यह बात सही है कि बी०एड० कॉलेज नहीं रहने से अनुमंडल के सुदूरवर्ती इलाकों के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय में बी०एड० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पूर्ण करना

*2865. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, सिरोपही का भवन अर्द्धनिर्मित रहने के कारण छात्रों को पठन-पाठन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार अर्द्धनिर्मित भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2866. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखण्ड के अधीन शलेया मध्य विद्यालय उत्क्रमित होने की पात्रता रखता है तथा उक्त विद्यालय के आस-पास तीन चार किलोमीटर की परिधि में कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे चार सौ छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

*2867. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षक एवं पंचायत शिक्षक नियोजन 2003, 2005, 2006 एवं 2008 को नियोजन में हुए अनियमितता के संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, इसुआपुर द्वारा अपने पत्रांक 753, दिनांक 28 जून, 2012 के मा॰॰प से प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, इसुआपुर एवं ग्राम पंचायत राज आतानगर, प्रखण्ड इसुआपुर से मूलपंजी एवं अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु मांग किया गया जो कि अभीतक प्राप्त नहीं हो सका, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

वृक्षा रोपण करना

*2868. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के ताराचण्डी से माझरकुंड पथ में पेड़ों के कटाव हो जाने के कारण उक्त पथ में 500 एकड़ भूमि जंगल वृक्षविहिन हो गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि माझरकुंड एक पर्यटक स्थल है जहाँ प्रत्येक वर्ष सैकड़ों पर्यटक सैर करने आया करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ में वृक्षारोपण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2869. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज० +2 उच्च विद्यालय, दरभंगा में वित्तीय वर्ष 2006-07 में ही भवन निर्माण के लिए 27 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण अभीतक पूर्ण नहीं हुआ है, लेकिन पूरी राशि निकाल ली गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन निर्माण पूर्ण कराना चाहती है एवं राशि निकालने वाले को चिन्हित कर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2870. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के बेलादाम मध्य विद्यालय में हाई स्कूल में उत्क्रमित करने हेतु भवन, जमीन आदि सभी अर्हताएँ मौजूद है एवं 8 कि०मी० के दायरे में कोई हाई स्कूल नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को हाई स्कूल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2871. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी प्रखण्ड में ताली, झझउर एवं दरौली प्रखण्ड में अड़वा परसिया, अमरपुर मध्य विद्यालय उत्क्रमित की पात्रता रखता है एवं उसके पाँच (05) किलोमीटर की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*2872. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखण्डान्तर्गत मच्छहां, हराज, मधुबनी, बासमतपुर, रूलही, सिरसा, पटखौलीया, बरवा, करमौला, नौरंगीया, झिटकहीया, कठहां, रामगढवा, अमरछतौनी, शैयनगर, धरमुहा, पिरा कोठी प्रखण्डान्तर्गत झखड़ा सुर्यपुर, बलुहा मुसहरी टोला, बेटवतीया आदि स्थानों पर महादलित बड़ा-बड़ा बस्ती स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक विकास के लिए जिला में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राशि उपलब्ध है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खण्ड (1) के गाँवों में सामुदायिक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*2873. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अनुमण्डल मुख्यालय गोगरी में महिला महाविद्यालय नहीं है, जिसके कारण छात्राओं को स्नातक शिक्षा हेतु गाँव से दूर जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुमंडल मुख्यालय गोगरी में महिला महाविद्यालय के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कॉलेज खोलना

*2874. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता विधान-सभा क्षेत्र के अनुमंडल मुख्यालय गोगरी में राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अनुमंडल मुख्यालय गोगरी में पोलिटेक्निक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन

*2875. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान सभा क्षेत्र पतरघट, महुआ, बाजार, बनमा, इटहरी, तेलिया हाट से सहरसा के लिए कोई भी सरकारी बस नहीं चलती है, जिसके कारण गरीब, महादलित एवं आमजनों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उपर्युक्त जगहों से सहरसा तक परिवहन विभाग की बसों को चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*2876. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिमुलतला में स्थित आवासीय विद्यालय में आधारभूत संरचना के अभाव में पठन-पाठन सुचारू रूप से नहीं चल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आवासीय विद्यालय में आधारभूत संरचना का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2877. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखण्ड अन्तर्गत शेख परसा पंचायत के नियोजित शिक्षकों का मानदेय भुगतान फरवरी, 2011 से लंबित है, जबकि इस मद में राशि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन नियोजित शिक्षकों के मानदेय भुगतान हेतु प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मांझा, ने अपने पत्रांक 285, दिनांक 3 जुलाई, 2012 द्वारा तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), गोपालगंज से पत्रांक 4409, दिनांक 31 अक्टूबर, 2012 द्वारा पंचायत सचिव को लिखित आदेश देकर मानदेय भुगतान हेतु निर्देशित किया है, किन्तु पंचायत सचिव द्वारा इन शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानदेय से वंचित इन शिक्षकों का मानदेय भुगतान कराने और विलम्ब के लिए जिम्मेदार पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*2878. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखंड के ग्राम-रौना टोला, गरजू बिगहा में पिछड़ी एवं महादलित का 2000 आबादी है, प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण उक्त गाँव के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ देना

*2879. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड में वर्ष 2011-12 में मुख्य मंत्री पोषक योजना का लाभ वर्ग 3 से 5 तक अनुसूचित जाति के बच्चे-बच्चियों को नहीं मिल पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, फुलपरास ने अपने पत्रांक 417, दिनांक 18 जुलाई, 2012 के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, फुलपरास (ईनरटोल) के प्रधानाध्यापक को योजना का लाभ देने हेतु पत्र लिखा ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वंचित बच्चे-बच्चियों को कबतक उक्त योजना का लाभ देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*2880, श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर शहर में दुर्गा संस्था उच्च विद्यालय है जहाँ 500 से अधिक छात्र-छात्राएँ शिक्षाध्ययन कर रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में सुरक्षा एवं संरक्षा हेतु उसमें चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राएँ को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी प्रावधान के अनुसार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*2881, श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखंड के अन्तर्गत नवसृजित विद्यालय, डुमरौतरी में भवन नहीं रहने की वजह से बच्चे पेड़ के नीचे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*2882, श्री राम लषण राम "रमण"--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड में 2012 ई० के फरवरी माह में बिहार में नियुक्त 34,540 (चौंतीस हजार पाँच सौ चालीस) नियमित शिक्षकों में 148 (एक सौ अड़तालीस) शिक्षकों को प्रा० विद्यालयों में पदस्थापित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त शिक्षकों को फरवरी, 2012 से अक्टूबर, 2012 तक का वेतन भुगतान नहीं किया गया है जिसमें 6 (छः) शिक्षक सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिक्षकों का बकाये वेतन का भुगतान करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ कराना

*2883, श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (उच्च शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत मगध विश्वविद्यालय का अंगीभूत इकाई एस०एन० सिन्हा महाविद्यालय, वारिसलीगंज में सिर्फ स्नातक तक की पढ़ाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वारिसलीगंज विधान-सभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए 25 कि०मी० दूरी तय कर नवादा जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एस०एन० सिन्हा महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन

*2884. श्री राम बालक सिंह - क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना से दलसिंहसराय एवं रोसड़ा के लिए भाया चकलालसे, मुसरी धरारी एक भी परिवहन निगम की बस नहीं चलती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर बस का परिचालन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*2885. श्री प्रेम रंजन पटेल - क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के उत्क्रमित इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय, अमरपुर (गेंदनी चौकी) माणिकपुर, रामपुर, सहुर, चानन प्रखंड के मननपुर तथा पिपरिया प्रखंड के वलीपुर विद्यालय भवन के लिए स्वीकृत राशि समय से भवन निर्माण नहीं होने के कारण वापस हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में उत्क्रमण के बावजूद उक्त विद्यालयों में इंटर की पढ़ाई नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उत्क्रमित विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विभागीय उदासीनता

*2886. श्री विजय कुमार सिन्हा - दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 1 फरवरी, 2013 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "निशक्त बच्चों पर प्रतिमाह साढ़े चार लाख खर्च उपलब्धि शून्य" के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला में जिला शिक्षा परियोजना द्वारा चिह्नित 10352 निशक्त बच्चों के जीवन संवारने हेतु 23 संसाधन शिक्षक एवं 33 अवलम्बकों का नियोजन किया गया है, जिसपर सरकार का प्रतिमाह साढ़े चार लाख रुपया खर्च हो रहा है, परन्तु विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण उन बच्चों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

कार्रवाई करना

*2887. श्री प्रदीप कुमार - क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के उच्च विद्यालय गुलनी का भवन निर्माण कार्य राज्य शिक्षा परियोजना, पटना द्वारा करवाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री लगायी जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन की किसी सक्षम एजेंसी/प्राधिकार से जाँच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई करवाने की विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापना करना

*2888. श्रीमती ज्योति देवी - क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी ग्राम पंचायत भलुआ का ग्राम डिवाही (बैतिया) की आबादी 1000 है, जो जंगल तथा नदी नालों से घिरा है तथा उक्त गाँव में एक भी विद्यालय नहीं है जिसके कारण यहाँ के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम डिवाही (चंतिया) में विद्यालय की स्थापना का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### अनियमितता की जाँच

*2889. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि जिला कार्यक्रम समन्वयक, सर्वशिक्षा अभियान, सारण के पत्रांक 1470/एसएसए, दिनांक 13 दिसम्बर, 2010 एवं कार्यपालक अभियंता, सर्व-शिक्षा अभियान सारण के पत्रांक 265/एसएसए, दिनांक 1 अक्टूबर, 2011 द्वारा निर्देशित है कि प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय के असैनिक निर्माण कार्य उसी तकनीकी पर्यवेक्षक से करायेंगे जिनको कार्य आवंटित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालयों यथा सतासी, शामपुर शिवदियरी, अफजलपुर, कुम्हैला, सहवा, फेनहरा, अगौथर नन्दा, रामपुर अटौली वगैरह में असैनिक निर्माण कार्य श्री अनिल कुमार यादव, तकनीकी पर्यवेक्षक, इसुआपुर प्रखंड को आवंटित है लेकिन नियम विरुद्ध यह कार्य श्री अवधेश कुमार, तकनीकी पर्यवेक्षक, जलालपुर प्रखंड द्वारा कराया जा रहा है, जिस अनियमितता की जानकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्वशिक्षा अभियान, सारण को है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

### बस का परिचालन

*2890. श्री अमन कुमार—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती से भाया विक्रमशीला होते हुए भागलपुर बस स्टैण्ड तक सरकारी बस का परिचालन नहीं होने के कारण यहाँ के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस पथ पर सरकारी बसों का परिचालन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### राशि का वितरण

*2891. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड में कन्या विवाह योजना की राशि का वितरण वर्ष 2008 से लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा इस संदर्भ में अनेकों बार जिले के वरीय पदाधिकारियों के गुहार लगाने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राशि का वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### उत्क्रमित करना

*2892. श्री (डॉ०) फैयाज अहमद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत मध्य विद्यालय दुर्धेल, रघौली जो उच्च विद्यालय की सारी अर्हता पूरी करता है तथा उक्त विद्यालय के 8 कि०मी० की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

* 2893. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय आजमनगर एवं आर0 के0 उच्च विद्यालय आजमनगर में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन–जाति के छात्र–छात्राओं की संख्या 400 है, किन्तु वहाँ छात्रावास नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों में छात्रावास निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

* 2894. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार शैक्षणिक आधाभूत संरचना विकास निगम द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियाँ प्रखंड के मध्य विद्यालय रूद्रनगर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भवन निर्माण हेतु निविदा निकाल कर संवेदक के साथ एकरारनामा करने के बाद वित्तीय वर्ष 2011–12 में कार्य प्रारम्भ कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा मानक के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है तथा अभीतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन निर्माण कार्य का उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बहाली करना

* 2895. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखंड में प्रखंड शिक्षकों की बहाली लगभग 3 वर्षों से नहीं हो रही है तथा वर्तमान नियोजन में भी वहाँ आवेदन प्राप्त नहीं किये जा रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रखंड शिक्षकों की बहाली कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

* 2896. श्री रामसूरत राय—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई विधान–सभा के कटरा प्रखंड स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय खंगुरा में वर्तमान समय में 766 छात्रों का नामांकन दर्ज है, परन्तु छात्रों के पठन–पाठन हेतु मात्र 07 शिक्षकों का ही प्रतिनियुक्ति है,यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों को प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापना करना

* 2897. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (उ0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009–10 में उच्च शिक्षा अन्तर्गत संचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009–10 में उक्त विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 98,00,000 (अन्ठानवे लाख) रुपया का उद्व्यय कर्णांकित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

* 2898. श्री रणविजय कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के कुडवाँ, रूकुन्दी, मलहद, गोह, हरिगाँव, बैजलपुर, प्रोजेक्ट वि0 गोह, एवं हसपुरा प्रखंड के हसपुरा कन्या उ0वि0 हसपुरा, देवहरा, मरकटारा, तिलकपुरा सभी उच्च विद्यालयों में भवन निर्माण हेतु राशि भेजी गई थी जो 15 अक्टूबर, 2010 के आदेशानुसार वापस कर लिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालयों के भवन की स्थिति बिल्कुल जर्जर है तथा छात्रों के पठन–पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का भवन बनवाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मत कराना

* 2899. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर मे उपेन्द्र ट्रेनिंग एकेडमी विगत 50 वर्षों से कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रेनिंग एकेडमी मे मैट्रिक, इन्टर एव प्रतियोगिता परीक्षाएं हर साल होती रहती हैं परन्तु उक्त ट्रेनिंग एकेडमी की चहारदीवारी विगत 10 वर्षों से जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त एकेडमी की चहारदीवारी का मरम्मत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारंभ करना

* 2900. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बेन प्रखंड स्थित एकसारा पंचायत के ग्राम विरबल विगहा में प्राथमिक विद्यालय स्थापना एवं संचालन हेतु पंचायत समिति की दिनांक 04 सितम्बर, 2006 की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसके भवन निर्माण हेतु जमीन भी उपलब्ध था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद्, नालन्दा की दिनांक 07 दिसम्बर, 2006 एवं 25 जनवरी, 2009 की बैठक में भी उपरोक्त प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई थी, जिसके लिये उप–विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नालन्दा द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक, नालन्दा को अनुदेशित किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के जिलास्तरीय कार्यालय से सूची में हेर–फेर कर विरबल विगहा के स्थान पर सिद्धि विगहा कर दिया गया ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम विरबल विगहा में उपलब्ध जमीन पर भवन निर्माण सहित मध्य विद्यालय संस्थापित कर पढ़ाई प्रारम्भ कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्यालय खोलना

* 2901. श्री ज्ञानचंद मांझी—क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर प्रखंड में अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय नहीं है जिसके कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छपरा सदर प्रखंड में एक अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2902. श्री पवन कुमार जायसवाल-क्या मंत्री, खनन् एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के खनिजों के अवैध खनन्, परिवहन तथा भंडारण पर कार्रवाई के क्रम में वर्ष 2009-10 में 198 प्राथमिकी, वर्ष 2010-11 में 301 प्राथमिकी दर्ज हुई तथा 67 गिरफ्तारी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 में जुर्माना के रूप में मात्र 90 लाख रुपये की वसूली हुई है;

(3) क्या यह बात सही है कि अवैध खनन्, भंडारण, परिवहन आदि मामले में आरोपी अभियुक्तों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल की कार्रवाई नहीं हुई तथा एक भी अभियुक्त को सजा नहीं हो पाया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध खनन् के आरोपी के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चलाकर संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि लौटाना

*2903. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में वित्तीय वर्ष 2012-13 का खुदरा शराब बंदोबस्ती लॉटरी द्वारा 2 मार्च, 2012 को निविदा निकाला गया एवं आयुक्त, उत्पाद, बिहार, पटना के आदेशानुसार 19 मार्च, 2012 को उक्त निविदा को रद्द कर दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रद्द निविदा की अग्रिम राशि 02 करोड़, 25 लाख रुपये निविदा आवेदक श्री मुसंजय कुमार, पिता श्री करूणाकर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पिता श्री दिगविजय सिंह, नन्द कुमार सिंह, पिता स्व0 रामबाबू सिंह सहित 50 छोटे व्यावसायिक को नहीं लौटाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खण्ड (2) में वर्णित व्यवसायियों का निविदा राशि अभीतक नहीं लौटाने का क्या औचित्य है ?

------------

निर्माण करना

*2904. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के पंचयात रतौली, ग्राम-कजही में धनाय प्राथमिक-सह-संस्कृत विद्यालय, कजही फूस के घर में चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रशिक्षण देना

*2905. श्री आनंदी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा अधिकार कानून के प्रावधानों के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान हेतु प्रशिक्षित पेशेवर शिक्षक का प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में होना अनिवार्य है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रारंभिक शिक्षक नियोजन नियमावली, 2006 के अन्तर्गत एक लाख एकसठ हजार अप्रशिक्षित शिक्षकों का नियोजन राज्य में किया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रशिक्षण के लिए इग्नु के पत्राचार कोर्स से लिखित परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त करने वाले शिक्षकों के लिए छः माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है, जिसे राज्य सरकार को कराना है, किन्तु सरकार के स्तर से व्यवहारिक प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की गई;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इग्नु से लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अप्रशिक्षित शिक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 19 मार्च, 2013 (ई0) ।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0 स0 मु0 (एल0 ए0), 268--डी0 टी0 पी0--450